STARZSPEAK

# अयोध्या दर्शन गाइड



STARZSPEAK स्पेशल

## इस अयोध्या गाइड में...

मंदिर दर्शन कैसे होंगे ?
पेज 4 से 6

कैसे पहुंचें अयोध्या...?
पेज 7 से 10

कहां रुक सकते हैं?
पेज 11

प्रमुख दर्शनीय स्थल
पेज 12 से 14

अयोध्या के पास ये 4 तीर्थ भी देखें
पेज 15

अयोध्या में प्रमुख उत्सव
पेज 16

10 टिप्स जो काम आएंगे
पेज 17

StarzSpeak स्पेशल

# अयोध्या दर्शन
# वो सबकुछ जो आपके लिए जानना जरूरी

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई है. अगर आप भी अयोध्या जाने का प्लान बना रहे हैं तो StarzSpeak की इस अयोध्या ई-गाइड में आपको पूरी जानकारी मिलेगी. इसमें वो सारी जानकारियां संकलित की गई हैं जो अयोध्या पहुंचने से लेकर शहर में घूमने तक में मददगार साबित होंगी.



STARZSPEAK स्पेशल

# राम मंदिर दर्शन

## राम मंदिर कब खुलता है?

सुबह- 6.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक

दोपहर - 2.30 बजे से रात 10.00 बजे तक (समय परिवर्तन के अधीन)

## मंदिर में दर्शन कैसे होंगे?

- राम मंदिर परिसर के मुख्य द्वार से मंदिर की दूरी करीब 200 मीटर है. यहां से मंदिर तक पहुंचने के लिए बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा भी होगी।

- मंदिर में आपको सिंह द्वार से 32 सीढ़ियां चढ़कर राम मंदिर में प्रवेश मिलेगा। इसके बाद पांच मंडप पार कर 30 फीट की दूरी से गर्भगृह में रामलला के दर्शन कर सकेंगे.



StarzSpeak
स्पेशल

## रामलला की आरती का समय क्या है?

**मंगला आरती** - सुबह 4.30 बजे

**श्रृंगार आरती**- सुबह 6.30 से 7.00 बजे

**भोग आरती** - 11.30 बजे

**मध्यान्ह आरती** - दोपहर 2.30 बजे

**संध्या आरती** - शाम 6.30 बजे

**शयन आरती**- रात 8.30 से 9.00 बजे

- श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अभी तक रामलला के वीआईपी दर्शन और मंगला व श्रृंगार आरती की व्यवस्था की कोई घोषणा नहीं की है. श्रंगार, भोग और संध्या आरती में श्रद्धालु शामिल हो सकेंगे।
- रामलला प्रतिदिन ढाई घंटे (दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक) विश्राम करेंगे। इस दौरान गर्भगृह के दरवाजे बंद रहेंगे.

## आरती में कैसे शामिल हो सकते हैं?

### पास की ऑफलाइन व्यवस्था

आरती में शामिल होने के नियम ट्रस्ट तय कर रहा है. फिलहाल ट्रस्ट की ओर से पास बनाया जाता है। ऑफलाइन पास श्री राम जन्मभूमि कैम्प कार्यालय से बनता है। इसके लिए आईडी प्रूफ देना अनिवार्य है.

### ऑनलाइन व्यवस्था

ऑनलाइन पास के लिए रजिस्ट्रेशन https://online.srjbtkshetra.org/#/aarti पर जाकर किया जा सकता है, हालांकि यह सिस्टम अभी एक्टिव नहीं हुआ है. 27 जनवरी से व्यवस्था सामान्य होने की संभावना है। इसके बाद ही आप ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे।

## वीआईपी दर्शन की क्या व्यवस्था है?

मंदिर में वीआईपी दर्शन के लिए कोई आधिकारिक व्यवस्था, टिकट या शुल्क नहीं है। अभी व्यवस्थाओं को अंतिम रुप दिया जा रहा है। StarzSpeak

# अयोध्या दर्शन



जय श्री राम

StarzSpeak



StarzSpeak स्पेशल

## मंदिर में प्रसाद क्या मिलेगा?

राम मंदिर में भक्तों को 'इलायची दाने' का प्रसाद दिया जाएगा. इसे चीनी और इलायची को मिलाकर बनाया जाता है. मंदिर परिसर में ही भक्तों को निःशुल्क प्रसाद की व्यवस्था है।

## प्रसाद कहां से मिलेगा ?

सभी भक्तों को प्रसाद वितरित करने के लिए एक मशीन लगाई गई है. ये मशीनें परिसर में आगंतुकों की वापसी के रास्ते पर स्थापित की गई हैं। फिलहाल मंदिर में शुल्क सहित प्रसाद चढ़ाने की कोई व्यवस्था नहीं है।

## चढ़ाने के लिए प्रसाद ले जा सकते हैं?

श्रद्धालु विशेष अनुमति से शाकाहारी एवं शुद्ध मिठाइयाँ एवं सूखे मेवे आदि भी चढ़ा सकते हैं। सुरक्षा कारणों से श्रद्धालु रामलला के मंदिर में भगवान को चढ़ाने के लिए नारियल, फूल माला, श्रृंगार सामग्री या कोई अन्य वस्तु नहीं ले जा सकेंगे.

## मंदिर में अंदर क्या ले जा सकेंगे?

मंदिर में दर्शन करते समय आप केवल पैसे और चश्मा जैसी जरूरी चीजें ही अंदर ले जा सकेंगे। अन्य वस्तुओं के लिए दर्शन मार्ग पर लॉकर की सुविधा है।

# कैसे पहुंचें अयोध्या

## रेल कनेक्टिविटी

### बड़े शहरों से अयोध्या पहुंचने वाली कुछ प्रमुख ट्रेनें और उनका समय-

| शहर | ट्रेन का नाम | प्रस्थान | अयोध्या आगमन | हफ्ते में कब |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | वंदे भारत एक्स. | 6:10 सुबह | 2:30 दोपहर | सोम, मंगल, गुरु शुक्र, शनि, रवि |
| दिल्ली | अयोध्या एक्स. | 6:20 शाम | 7:15 सुबह | रोजाना |
| दिल्ली | कैफियत एक्स. | 8:25 शाम | 6:56 सुबह | रोजाना |
| अमृतसर | सरयू यमुना एक्स. | 1:05 दोपहर | 7:15 सुबह | सोम, बुध, शनि |
| अदमदाबाद | साबरमती एक्स. | 11:10 रात | 8:51 सुबह | सोम, मंगल, गुरु, शनि |
| जयपुर | मरुधर एक्स. | 1:40 दोपहर | 4:22 सुबह | सोम, गुरु, शनि |
| भोपाल | YPR GKP एक्स. | 3:35 रात | 4:43 सुबह | शनि |
| इंदौर | INDB PNBE एक्स | 1:55 दोपहर | 7.45 सुबह | शनि |
| मुंबई | साकेत एक्स. | 6.00 सुबह | 8.00 सुबह | बुध, शनि |
| कोलकाता | KOAA JAT एक्स | 11.45 दोपहर | 6.21 सुबह | रोजाना |
| बेंगलुरु | YPR GKP एक्स | 11.40 रात | 4.24 दोपहर | बुध |

## कई विशेष ट्रेन

- रेलवे ने देश के विभिन्न हिस्सों को अयोध्याजी से जोड़ने वाली 1,000 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है। इन ट्रेनों को 19 जनवरी से 100 दिनों तक चलाने की योजना है। आप अपने शहर से इन ट्रेनों के बारे में जान सकते हैं।
- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता, नागपुर, लखनऊ, जम्मू-कश्मीर समेत कई शहरों से ट्रेनें चलाने की योजना है।

StarzSpeak स्पेशल

# एयर कनेक्टिविटी

## अयोध्या पहुंचने के लिए देश के इन प्रमुख शहरों से फ्लाइट-

| शहर | एयर लाइंस | फ्लाइट का समय | अयोध्या पहुंचेगी |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | इंडिगो (नियमित) | दिन में 11.55 | दोपहर 1.15 पर |
| दिल्ली | एअर इंडिया एक्स. | सुबह 10 बजे | सुबह 11.20 |
| मुंबई | इंडिगो | दोपहर 12.30 बजे | दोपहर 2.45 बजे |
| अहमदाबाद | इंडिगो | सुबह 9.10 बजे | सुबह 11 बजे |
| चेन्नई | स्पाइस जेट 1 फरवरी से | दोपहर 12.40 बजे | दोपहर 3.15 बजे |
| बेंगलुरु | एअर इंडिया एक्सप्रेस | सुबह 7.30 बजे (बुध)<br>सुबह 8.05 (सोम, गुरु) | सुबह 10 बजे<br>सुबह 10.35 बजे |
| कोलकाता | एअर इंडिया एक्सप्रेस | दोपहर 12.45 बजे (बुध)<br>1.25 बजे (सोम और गुरु) | दोपहर 2.30 बजे<br>दोपहर 3.10 बजे |

STARZSPEAK स्पेशल

# एयर कनेक्टिविटी

## अयोध्या तक पहुंचने के लिए फरवरी से ये उड़ानें भी शुरू हो रही हैं...

| शहर | एयर लाइंस | फ्लाइट का समय | अयोध्या पहुंचेगी |
|---|---|---|---|
| मुंबई | स्पाइसजेट | सुबह 8:20 बजे | सुबह 10:40 बजे 2 फरवरी से हफ्ते में 6 दिन |
| बेंगलुरु | स्पाइसजेट | सुबह 10:50 बजे | दोपहर 1:30 बजे 2 फरवरी से हफ्ते में4 दिन |
| अहमदाबाद | स्पाइसजेट | सुबह 6:00 बजे | सुबह 8:00 बजे 1 फरवरी से |
| दिल्ली | स्पाइसजेट | सुबह 8:40 बजे | सुबह 10:00 बजे 1 फरवरी से |
| दरभंगा | स्पाइसजेट | सुबह 11:20 बजे | दोप. 12:30 बजे 1 फरवरी से |
| जयपुर | स्पाइसजेट | सुबह 7:30 बजे | सुबह 9:15 बजे 1 फरवरी से |
| पटना | स्पाइसजेट | दोपहर 2:25 बजे | दोपहर 3:25 बजे 1 फरवरी से |
| पुणे | आकासा | सुबह 8:50 बजे | दोपहर 12:55 बजे 15 फरवरी से वाया दिल्ली |
| ग्वालियर | एअर इंडिया एक्स. | सुबह 8:15 बजे | सुबह 11:20 बजे 16 जनवरी से वाया दिल्ली |

# सड़क कनेक्टिविटी

## बड़े शहरों से अयोध्या की सड़क कनेक्टिविटी इस प्रकार है

### सड़क और बस से कनेक्टिविटी

अयोध्या सभी प्रमुख शहरों से सड़क मार्ग द्वारा जुड़ा हुआ है। आप यहां अपने वाहन के साथ-साथ सरकारी और निजी बसों से भी जा सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की यूपीएसआरटीसी बस सेवा भी दिल्ली से अयोध्या के लिए उपलब्ध है।

| शहर | दूरी किमी में | यात्रा में लगने वाला समय |
|---|---|---|
| दिल्ली | 688 | 11 घंटे |
| मुंबई | 1600 | 38 घंटे |
| जयपुर | 710 | 13 घंटे |
| अहमदाबाद | 1350 | 34 घंटे |
| इंदौर | 930 | 19 घंटे |
| भोपाल | 781 | 13 घंटे |
| चण्डीगढ़ | 914 | 15 घंटे |
| रायपुर | 782 | 19 घंटे |
| रांची | 667 | 20 घंटे |
| पटना | 417 | 11 घंटे |

## उत्तरप्रदेश के शहरों से दूरी व यात्रा समय

उत्तर प्रदेश के इन प्रमुख पर्यटक शहरों से अयोध्या के लिए टैक्सियाँ और बसें आसानी से उपलब्ध हैं-

| शहर | दूरी किमी में | यात्रा में लगने वाला समय |
|---|---|---|
| आगरा | 468 | 11 घंटे |
| लखनऊ | 134 | 2.15 घंटे |
| गोरखपुर | 133 | 2.15 घंटे |
| प्रयागराज | 167 | 2.30 घंटे |
| वाराणसी | 218 | 2.30 घंटे |

# कहां रुक सकते हैं?

## अयोध्या में राम मंदिर के पास पांच किलोमीटर के दायरे में ठहरने के प्रमुख स्थान इस प्रकार हैं

अयोध्या में ठहरने की व्यवस्था लगातार बढ़ती जा रही है. पांच किलोमीटर के दायरे में बहुत अच्छी व्यवस्था है. पढ़ें राम मंदिर के पास ठहरने के लिए चुनिंदा जगहों के बारे में-

| स्थान | कितने रूम | किराया (रु.) | मंदिर से दूरी | फोन नंबर |
|---|---|---|---|---|
| जैन धर्मशाला | 50 | 500 से 2000 | 1.5 किमी | 6260 363 801 |
| राम वैदेही मंदिर धर्मशाला | 200 | 1000 से 3000 | 2 किमी | 75700 88000 |
| कनक महल | 50 | 1000 से 3000 | 2 किमी | 9682958388 |
| राम होटल | 50 | 1000 से 3000 | 1 किमी | 9415140674 |
| रामप्रस्थ होटल | 40 | 1000 से 3000 | 2 किमी | 8115000098 |
| रमीला कुटीर | 25 | 5,000 रुपए | 2 किमी | ---- |
| रामायणम होटल | 40-50 | 20,000 तक | 3 किमी | ---- |

## 5 से 7 किलोमीटर के दायरे में यह होटल भी

पंचशील होटल, शान-ए-अवध होटल, कृष्णा होटल, तारा जी रिज़ॉर्ट आदि। इन सभी होटलों का किराया 1,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक है। ये सभी राम मंदिर से 5 से 7 किलोमीटर दूर हैं. अयोध्या में खाने की खास बात: पूरी अयोध्या शाकाहारी है. कई होटलों में बिना प्याज-लहसुन का बना खाना भी मिलता है. जानकी महल और जैन धर्मशाला में बिना लहसुन-प्याज़ का खाना भी मिलता है.

**अयोध्या में भोजन के बारे में खास बात:**

पूरी अयोध्या शाकाहारी है। कई होटलों में बिना प्याज और लहसुन से बना भोजन भी मिलता है। जानकी महल और जैन धर्मशाला में भी बिना प्याज और लहसुन का भोजन मिलता है।

# प्रमुख दर्शनीय स्थल

## भगवान राम से जुड़े प्रमुख स्थान जो आप अयोध्या में देख सकते हैं वे हैं-

अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन के अलावा भगवान राम से जुड़े कई अन्य स्थान भी हैं। इन स्थानों पर भगवान राम के प्रतीक मौजूद हैं। राम मंदिर के आसपास हैं ये जगहें-



## छोटी देवकाली - राम मंदिर से दूरी 1 किमी

**महत्व** - यह माता सीता की कुल देवी का मंदिर है। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने यहां माता पार्वती की मूर्ति स्थापित की थी और वह यहां पूजा करने आती थीं।

**खुलने का समय** - प्रातः 4.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक खुला रहता है।

## हनुमानगढ़ी - राम मंदिर से दूरी 500 मीटर

**महत्व**-राम मंदिर जाने से पहले हनुमान मंदिर जाने की परंपरा है। मंदिर में स्थित मूर्ति में हनुमान जी माता अंजनी की गोद में हैं।

**खुलने का समय**- सुबह 4.00 बजे से रात 10.00 बजे तक खुला रहता है।

# कनक भवन- राम मंदिर से दूरी 1 किमी

**महत्व-** माता कैकेयी ने यह भवन श्री राम और देवी सीता को उपहार में दिया था। यह उनका निजी महल था। वर्तमान भवन का निर्माण 1885 में ओरछा राज्य की रानी वृषभानु कुंवारी जूदेवी ने करवाया था। मंदिर के मुख्य गर्भगृह में श्री राम और माता सीताजी की मूर्तियाँ स्थापित हैं।

**खुलने का समय -** सुबह 9 बजे से 11.30 बजे तक और शाम 4.30 बजे से रात 9.30 बजे तक.

# सीता रसोई- राम मंदिर से दूरी 1 किमी

**महत्व -** राम जन्मभूमि के उत्तर-पश्चिमी छोर पर स्थित सीता रसोई एक प्राचीन रसोई है। इसका प्रयोग सीताजी करती थीं।

**खुलने का समय -** सुबह से रात तक।

# सरयू तट- राम मंदिर से दूरी 2 किमी

**महत्व -** अयोध्या में 14 प्राचीन घाट हैं. हर घाट से जुड़ी कुछ प्राचीन मान्यताएं हैं। त्योहार के समय, भक्त पवित्र स्नान करने के लिए इन घाटों पर इकट्ठा होते हैं।

## सरयू पर शाम की आरती

भगवान राम की नगरी अयोध्या में सरयू तट पर शाम 6 से 7 बजे के बीच संध्या आरती होती है.





## मणिराम दास छावनी- राम मंदिर से दूरी 1 किमी

**महत्व-** इस मंदिर में आमने-सामने दो हवेलियाँ हैं। यहां के वाल्मिकीजी भवन की दो मंजिलों की दीवारों पर संपूर्ण वाल्मिकी रामायण अंकित है।

## रामलला सदन- राम मंदिर से दूरी 1 किमी

**महत्व-** यह अयोध्या का पहला मंदिर है जो द्रविड़ शैली में बनाया गया है। यह भगवान श्री राम के कुलदेवता भगवान विष्णु के स्वरूप भगवान रंगनाथन का मंदिर है।

## दशरथ महल- राम मंदिर से दूरी 700 मीटर

**महत्व-** इस महल का निर्माण राजा दशरथ ने करवाया था, हालांकि बाद में इसका कई बार जीर्णोद्धार किया गया। यहां भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और भरत की मूर्तियां हैं।

## रंग महल - राम मंदिर से दूरी 1 किमी

**महत्व-** इस मंदिर के साधु खुद को सीताजी की सखी मानते हैं। मान्यता है कि विवाह के बाद माता सीता के प्रकट होने की रस्म इसी मंदिर में हुई थी।



**नागेश्वरनाथ महादेव दर्शन- 2 किमी दूर**

**महत्व-** भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर राम की पेढ़ी में स्थित है। माना जाता है कि इसका निर्माण श्रीराम के छोटे पुत्र कुश ने करवाया था।

# अयोध्या के पास यह 4 तीर्थ भी देखें

| | स्थान | महत्व | अयोध्या से दूरी |
|---|---|---|---|
| 1 | भरत कुंड | श्रीराम की पादुका रखकर भरत ने यहीं से 14 साल शासन किया। | 16 किलोमीटर |
| 2 | गुप्तारघाट | यहीं श्रीराम ने जल समाधि ली थी। वे यहीं से साकेतधाम चले गए थे। | 10 किलोमीटर |
| 3 | मखभूमि | यहीं श्रीराम के जन्म के लिए राजा दशरथ ने यज्ञ किया था। | 20 किलोमीटर |
| 4 | सूर्यकुंड | यहां भगवान सूर्य का मंदिर और कुंड है। | 3 किलोमीटर |



## अयोध्या के लिए कितने दिन का प्लान?

कम से कम एक पूरे दिन का समय अयोध्या के लिए रखें. अयोध्या के स्थानों को ठीक से देखने के लिए कम से कम तीन दिन की योजना बनानी चाहिए.



# अयोध्या में साल के प्रमुख उत्सव

- रामनवमी और दिवाली दोनों ही दिन अयोध्या में विशेष उत्सव का माहौल रहता है. इन दिनों यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।
- चैत्र, कार्तिक और सावन में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।
- यहां का सावन झूला मेला (जुलाई-अगस्त) देखने लायक है।
- अक्टूबर-नवंबर में 14 कोसी परिक्रमा के साथ यहां कार्तिक मेला लगता है।
- हर माह पूर्णिमा के दिन सरयू स्नान के दौरान यहां उत्सव जैसा माहौल रहता है।

# अपने वाहन से अयोध्या जाएं तो...

- सामान्य रूप से आप अपने वाहन से भी अयोध्या जा सकते हैं। हनुमानगढ़ी और कनक भवन की सड़क संकरी होने के कारण वाहनों को येलो जोन से होकर गुजरना पड़ता है। बाकी अयोध्या में कोई दिक्कत नहीं है.

- **शहर में एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए टैक्सियाँ उपलब्ध हैं। जन्मभूमि स्थान पर ई-गोल्फ कार्ट की व्यवस्था है।**

- अयोध्या के सभी प्रवेश मार्गों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

# 10 टिप्स अयोध्या में काम आएंगे

1 आप राम जन्मभूमि परिसर के अंदर निजी सामान (फोन, वॉलेट, चार्जर, पेन, नोटबुक) नहीं ले जा सकते। परिसर में लॉकर निःशुल्क है.

2 पूरे शहर के लिए. ई-बसें शुरू की जा रही हैं. इसके अलावा गोल्फ कोर्ट भी मिलेगा, जिसका किराया 50 रुपये प्रति व्यक्ति होगा.

3 मौसम और त्योहारों के लिहाज से, अयोध्या जाने का सबसे अच्छा समय मार्च, अप्रैल, मई, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर के महीने हैं।

4 राम मंदिर में बुजुर्ग और विकलांग भक्तों के लिए व्हील चेयर और लिफ्ट की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध है।

5 अयोध्या के अलावा लखनऊ में भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है. यह अयोध्या से लगभग 152 किलोमीटर दूर है। गोरखपुर, प्रयागराज और वाराणसी हवाई अड्डों के बीच की दूरी क्रमशः 158 किमी, 172 किमी और 224 किमी है।

6 रामलला के मंदिर के ठीक बाहर अमावा पटना के महावीर मंदिर ट्रस्ट की राम रसोई है. राम रसोई में रामलला के दर्शन करने वाले भक्तों को अपना आधार कार्ड दिखाकर मुफ्त भोजन मिलता है।

7 लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए टैक्सी उपलब्ध होगी। आप करीब 3000 रुपये में टैक्सी बुक करके लखनऊ से अयोध्या जा सकते हैं।

8 अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन के दौरान कम से कम 5 चौकियां हैं जहां आपको सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ सकता है।

9 अगर अचानक किसी मेडिकल सहायता की जरूरत पड़े तो राम मंदिर का मेडिकल कैंप है. इसके अलावा पास में ही श्रीराम अस्पताल भी है।

10 हेल्प लाइन: सहायता के लिए, आप रामजन्मभूमि पुलिस स्टेशन SHO से 9454403310 पर और रामजन्मभूमि हेल्प डेस्क से 05278 292000 पर संपर्क कर सकते हैं।





जय श्री राम

POWERED BY -

POLYVALENT | MIRTH MEDIA GROUP

# StarzSpeak

